04 वोटर आईडी कांड में घिरा स्वास्थ्य विभाग का बाबू...



07 पार्वती खतरे के निशान के पार नदी किनारे बसे गांवों ...





## खबर संक्षेप

### 144वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 अगस्त को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 144 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 अगस्त दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं स्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बी एम डी, बॉडी मास, मास पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 26 अगस्त तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

### सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 25 अगस्त को युवा संगम

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 25 अगस्त को प्रातः 11 बजे सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा।

### पशु सेवा समिति के वासु चौबे और पारंग शुक्ला को सम्मानित किया गया

# लीगल राइट्स काउंसिल इंटरनेशनल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, अनुश्री शैलेन्द्र जैन बनीं प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समाज के उत्थान और मानवाधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही संस्था लीगल राइट्स काउंसिल इंटरनेशनल का "सामाजिक एवं कानूनी जागरूकता संगोष्ठी एवं मध्यप्रदेश के सदस्यों का शपथग्रहण समारोह" महाकवि पद्माकर सभागार, मोतीनगर सागर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मां राजलक्ष्मी मंदा रहीं, जबकि अध्यक्षता सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने की। आयोजन का संयोजन अनुश्री शैलेन्द्र जैन ने किया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण में अनुश्री जैन ने अपने सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने महिला बंदियों को कानूनी सहायता, कुपोषण मुक्ति अभियान,



वृक्षारोपण, महिलाओं के स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा संवर्धन हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन कार्यों को देखते हुए उन्हें मध्यप्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मलखम, बधाई लोकनृत्य, शिव स्तुति, आत्मरक्षा (कूडो) प्रदर्शन और कथक नृत्य सम्मिलित रहे।

अध्यक्षीय संबोधन में विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सुश्री मंदा ने 40 वर्षों तक महिला सशक्तिकरण हेतु उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुख्य अतिथि सुश्री मंदा ने कहा कि नारी शक्ति की प्रतीक है और संस्था के 22 राज्यों एवं 12 देशों में महिला पदाधिकारियों की संख्या अधिकतम रहेगी। उन्होंने प्रथम प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अनुश्री शैलेन्द्र जैन के चयन को गर्व का विषय बताया। समारोह में समाजसेवा हेतु डॉ. मोनिका शर्मा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर सुश्री आयुषी अग्रवाल, सीताराम रसोई समूह, शिवयोग नारायण खिचड़ी सेवा समिति, पशु सेवा समिति (वासु चौबे, पारंग शुक्ला), सत्य शोधन आश्रम, प्रयास एवं सशक्त स्व सहायता समूह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संध्या भार्गव एवं जसवीर सोढ़ी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## नकली खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयों पर कम से कम 10 वर्ष की सजा का प्रावधान होः भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से अनुरोध किया है कि नकली खाद बीज एवं कीटनाशक दवाइयों का उत्पाद करने वाली कंपनियों तथा बेचने वाले व्यवसायियों परअंकुश लगाने सख्त कानून बनाया जायें। जिसमें अपराध सिद्ध होने पर कम से कम 10 वर्ष की सजा का प्रावधान हो। इसके साथ ही नष्ट हुई फसलों के लिए दोषी कंपनी/विक्रेता से वसूली कर यह राशि पीड़ति किसानों को दिलाने का भी प्रावधान हो।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रेषित पत्र में पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश में अनेक स्थानों पर घटिया बीज व कीटनाशक दवाइयों के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हुई है। यह जानकारी आपके संज्ञान में आने पर पूर्व में प्रभावी कार्रवाई भी की गई है। आपके द्वारा यह निर्देश भी दिये गये हैं कि अब कोई भी जैव उत्तेजक उत्पाद तभी बिकेगा, जब वह गुणवत्ता मानक पर खरा उतरेगा। साथ ही आपके द्वारा 16 जून 2025 से सभी अस्थाई पंजीकरण अमान्य कर दिये गए हैं। केवल 146 जैव उत्तेजक उत्पाद ही उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की सूची में मान्य हैं। जबकि पहले बाजार में लगभग 30 हजार उत्पाद बिना जांच बिक रहे थे। इस प्रभावी कार्रवाई के लिए पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने केन्द्रीय मंत्री चौहान को हृद्य से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

भूपेन्द्र सिंह ने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व में मुख्यमंत्री रहते हुए एवं वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री रहते हुए माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में कृषि कल्याण के अनेक निर्णय लिए गए हैं। देश में 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आश्रित है। किसान का परिवार वर्ष भर कृषि पर आश्रित रहता है। उनके पास आय का अन्य कोई स्त्रोत नहीं रहता। ऐसी स्थिति में घटिया खाद बीज एवं कीटनाशक दवाइयां नकली मिलती हैं तो किसान का परिवार चलाना कठिन हो जाता है। इससे या तो किसान कर्ज में डूबता है, या जमीन बेचता है या आत्महत्या करता है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने केन्द्रीय मंत्री चौहान से आग्रह किया है कि नकली खाद-बीज एवं कीटनाशक दवाइयों का उत्पाद करने वाली कंपनियों और बेचने वाले व्यवसायियों पर सख्त कार्रवाई हेतु सख्त कानून की आवश्यकता है। जिसमें अपराध सिद्ध होने पर कम से कम 10 वर्ष की सजा का प्रावधान हो। सिर्फ लाइसेंस निरस्त करने से व्यक्ति को पर्याप्त सजा नहीं मिलती, वह दूसरी कंपनी बनाकर दूसरा उत्पाद बनाते है। भूपेन्द्र सिंह ने केन्द्रीय मंत्री चौहान से अनुरोध किया है कि उक्त संबंध में संसद के माध्यम से सख्त कानून लागू किया जाये।



## भारतीय स्त्रीशक्ति ने मनाया विश्व उद्यमिता दिवस

**सागर।** स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश में उद्यमिता और कौशल विकास के अन्तर्गत "स्वावलंबन से आत्मनिर्भर की ओर" विषय को दृष्टिगत करते हुए गणेश प्रतिमा निर्माण त्रिदिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर अपने वक्तव्य में प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय स्त्रीशक्ति की डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि अधिकार से अधिक कर्तव्यों को धारण करना चाहिए। जो भी अच्छा ज्ञान दे उसे गुरू मान कर उसके ज्ञान को स्वीकार करना ही श्रेयस्कर है। उद्यमिता केवल व्यवसाय करने का नाम नहीं है, बल्कि यह नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता, समाज के लिए नए अवसर बनाने और रोजगार उपलब्ध कराने का एक माध्यम है। एक उद्यमी न केवल अपनी सफलता की राह तैयार करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान देता है। आज जब भारत जैसे विशाल देश में युवाओं की संख्या अधिक है, तब उद्यमिता को बढ़ावा देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। "स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया" जैसे अभियान इसी सोच को आगे बढ़ाते हैं। यदि हमारे युवा कौशल, तकनीक और आत्मविश्वास के साथ आगे आयें, तो वे न केवल अपने लिए रोजगार सृजित करेंगे, बल्कि हजारों-लाखों लोगों को भी अवसर देंगे। इस कार्यशाला ने हमें केवल कला का प्रशिक्षण ही नहीं दिया, बल्कि जीवन जीने की एक नई सोच भी प्रदान की है। हमने मिट्टी की प्रतिमाओं के माध्यम से यह अनुभव किया कि स्वदेशी संसाधनों का प्रयोग कर हम अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए प्रकृति का संरक्षण भी कर सकते हैं। प्लास्टर आफ पेरिस की मूर्तियों से होने वाले प्रदूषण के स्थान पर, मिट्टी की प्रतिमाएँ पर्यावरण के अनुकूल हैं। यह कार्यशाला हमें यही संदेश देती है कि जब हम अपनी जरूरतों और परंपराओं को अपने ही श्रम और संसाधनों से पूरा करते हैं, तभी असली स्वावलंबन संभव है।

## विकासखंड स्तरीय रिसोर्स पर्सन का प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सागर इकाई द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विकास योजना और व्यक्ति विकास योजना के विभिन्न घटकों पर विकासखंड स्तरीय रिसोर्स पर्सन का प्रशिक्षण जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के प्रत्येक ग्राम की समग्र ग्राम विकास योजना का निर्माण करना है, जिसमें हकदारी योजना, आजीविका योजना, संसाधन विकास योजना और सामाजिक विकास योजना जैसे घटक शामिल हैं। इन योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक परिवार के आर्थिक और सामाजिक उन्नयन की परिकल्पना की गई है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के कन्वर्जेंस पर विशेष बल दिया गया ताकि पात्र परिवार शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें।




### तीन दिन में जवाब तलब, सरकारी आवास खाली कराने की भी उठी मांग

# वोटर आईडी कांड में घिरा स्वास्थ्य विभाग का बाबू, कलेक्टर ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर में शनिवार को सांसद व केंद्रीय मंत्री डॉ॰ वीरेंद्र कुमार के सरकारी बंगले के पास सड़क पर बिखरे मिले 43 वोटर आईडी कार्ड कांड में अब स्वास्थ्य विभाग का बाबू संतोष अम्बेडकर घिरता जा रहा है। बाबू संतोष का सरकारी क्वार्टर भी सांसद बंगले से लगा हुआ स्थित है। उक्त मामले में ज़ब जांच शुरू हुई तो बाबू संतोष ने यह स्वीकार कर लिया है कि उक्त वोटर कार्ड उन्ही के घर से फेंके गये थे। जिस पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय नें कड़ा व सख्त रुख अपनाते हुए बाबू संतोष को नोटिस थमाकर 3 दिन के भीतर जबाब माँगा है। इसके अलावा बाबू संतोष को आवंटित सरकारी क्वार्टर को भी खाली कराये जाने की मांग उठने लगी है। उक्त मामला प्रदेश स्तर पर भी उछल चुका है। जिसमें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी नें ट्वीट करके राजनैतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।

### जांच में बाबू नें किया स्वीकार घर से फेंके गए कार्ड

वोटर आईडी कार्ड की ज़ब जांच शुरू हुई तो खुलासा और भी चौंकाने वाला निकला। क्योंकि पहले उक्त कार्डो से अंजान बनने बाले बाबू संतोष अम्बेडकर के परिजनों ने पहले तो मामले में अपनी अनभिज्ञता जाहिर की लेकिन फिर प्रशासन द्वारा जांच में कड़ा व सख्त रुख अपनाये जाने के बाद बाबू संतोष नें यह स्वीकार किया कि ये कार्ड स्वास्थ्य विभाग के बाबू संतोष अंबेडकर के मकान से उनकी गृह सहायिका द्वारा ही फेंके गए थे।


### 2015 से 2019 तक रहे बीएलओ

जांच में यह बात भी सामने आई कि संतोष अंबेडकर वर्ष 2015 से 2019 तक बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ के पद पर कार्यरत थे। उस दौरान कुछ वोटर कार्ड मतदाताओं को नहीं बंट पाए थे। उन्ही बचें हुए कार्डो को बाबू संतोष के घर से फेंका गया था। जबकि नियमानुसार बाबू संतोष अम्बेडकर द्वारा ऐसे कार्डो को निर्वाचन कार्यालय में वापस जमा कराना चाहिए था जो पहचानपत्र मतदाताओं को बंट नहीं पाए थे। मगर नियमों की अनदेखी करते हुए ये वोटर कार्ड कई सालों तक संतोष बाबू अपने पास रखे रहे और आखिरकार घर से बाहर सड़क पर फेंक दिए गये।

### मामले को संगीन मानते हुए कलेक्टर नें अपनाया कड़ा रुख

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने इस पूरे मामले को घोर लापरवाही और सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन माना है। उन्होंने संतोष बाबू को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्वयं उपस्थित होकर जवाब देने का आदेश दिया है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट कहा है कि मतदाता पहचान पत्र लोकतंत्र का आधार हैं और इनके साथ लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक /25/सामा.निर्वा./2025/416 टीकमगढ़, दिनांक 21/08/2025

//कारण बताओ नोटिस//

प्रति,

श्री संतोष अम्बेडकर,
सहायक वर्ग–3,
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टीकमगढ़

सामाचार पत्र में प्रकाशित खबर शीर्षक "केन्द्रीय मंत्री के सरकारी आवास के पास 43 वोटर आईडी कार्ड कचरे में पाये गये जिसकी जांच अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़ से कराई गई जांच रिपोर्ट में पाया गया कि 42 वोटर कार्ड वर्ष 2015, से 2019 के आपके निवास के सामने से पाये गये जो कि आपके निवास से गृह सहायक श्रीमती सविता उर्फ रेखा द्वारा फेंके गये थे। आप वर्ष 2011 एवं 2015 से 2019 के बीच बी.एल.ओ. के रूप में पदस्थ रहे हैं एवं जॉच के दौरान आपके द्वारा अपने कथनों में स्वीकार किया गया है कि बी.एल.ओ. के कार्यकाल के दौरान वितरण के लिये जो मतदाता परिचय पत्र आपको प्राप्त हुए थे, उनमें से अवितरित अनुपयोगी पुराने वोटर कार्ड ही घर से बाहर बाहर फेंके गये होंगे। नियमानुसार आपके वितरण से शेष रहे मतदाता फोटो परिचयपत्र तत्समय निर्वाचन कार्यालय में जमा करना थे। आपका उक्त कृत्य घोर लापरवाही का द्योतक है। जो गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के उप नियम (1),(2), (3) के प्रतिकूल है।

अतः क्यों न आपको बी.एल.ओ. के रूप में उक्त अवधि में प्रदाय की गई मानदेय की राशि बसूल की जाकर आपके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। उक्त संबंध में अपना उत्तर इस कारण बताओ नोटिस की प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर स्वंय उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

कलेक्टर 21/8/25
जिला टीकमगढ़

पृ0क्रमांक /25/सामा.निर्वा./2025/416 टीकमगढ़, दिनॉक 21/08/2025

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकमगढ़ की ओर कारण बताओ नोटिस की 2 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु। कृपया कारण बताओ नोटिस की एक प्रति संबंधीजन को तामील कराई जाकर तामीली प्रति भिजवाने का कष्ट करें।

कलेक्टर 21/8/25
जिला टीकमगढ़

### स्वास्थ्य विभाग की संदिग्ध कार्यशैली को लेकर जनता में उठे सवाल

उक्त घटना ने जिले में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यालय की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आमजन का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ बाबू के द्वारा अगर मतदाता पहचान पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ के साथ इस तरह गंभीर लापरवाही बरती गई तो ऐसे कर्मचारियों द्वारा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के साथ किस तरह का खिलबाड़ किया जाता होगाए यह चिंतनीय बिषय है। उक्त वोटर कार्ड 2011 के बताये जा रहे हैं। अगर ये सच है तो 2011 से 2025 तक 14 वर्ष बीतने के बाद भी उक्त मामला दबा रहा। जो कि संदेह को बढ़ावा डे रहा है। और सबसे बड़ा सवाल तो ये है कि सरकारी दस्तावेज रूपी वोटर कार्ड विभाग के बाहर लें जाने और अबैध तरीके से एक बाबू के घर में रखे जाने की अनुमति किसने दी।

### राजनीतिक विरोधए सरकारी आवास खाली करने की मांग

उक्त मामला अब राजनीतिक रंग भी लेने लगा है। भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी ने कलेक्टर श्रोत्रिय को पत्र लिखकर केंद्रीय मंत्री के बंगले के पास स्थित संतोष अंबेडकर का सरकारी आवास खाली कराने की मांग उठाई है। साथ ही यह भी कहा है कि बीएलओ के रूप में उन्हें जो मानदेय राशि दी गई थीए उसकी वसूली की जाए और विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाए।

### ताड़ पेड़ों का रोपण कर ढोंगा ग्राउंड को दिया जायेगा ऐतिहासिक रूप

## सीएम से उद्घाटन कराने का उद्देश्य लिए कलेक्टर ने किया एस्ट्रोफ निर्माण कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



चारो ओर ताड़ के पेड़ो से गोलाकार में घिरे में हुए ढोंगा के मैदान में एस्ट्रोफ निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्राउंड के चारो ओर ताड़ के पेड़ो का रोपण भी किया जाना है जिससे उक्त ग्राउंड का ऐतिहासिक रूप बापिस लाया जा सके। जानकारी के अनुसार उक्त ग्राउंड में एस्ट्रो टर्फ निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री से उद्घाटन कराने की मंशा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मन में है। जिसके तहत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय नें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया को साथ लेकर डोंगा ग्राउंड पर चल रहे एस्ट्रो टर्फ निर्माण कार्य का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई कराये जाने के दिशा.निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय नें कहा कि ढोंगा ग्राउंड बहुत ही ऐतिहासिक व खूबसूरत है। इसकी साफ.सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जहां.जहां गंदगी दिख रही हैए वहां तत्काल सफाई कराई जाए। इस दौरान डिवाइडर और डोंगा मैदान के चारों ओर सफाई अभियान चलाकर झाड़ियां भी कटवाई गईं। जानकारी के अनुसार ढोंगा ग्राउंड का ऐतिहासिक स्वरूप बापिस लाने के लिये ग्राउंड के चारो ओर लगभग 500 ताड़ के पेड़ो का रोपड़ कराया जाना हैए जिसके लिये ताड़ की 500 पौध भी मँगाई जा चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि ग्राउंड पर वृक्षारोपण का कार्य तभी सफल होगा जब उक्त स्थल पूरी तरह साफ और व्यवस्थित हो। इसके लिए नगर पालिका की सफाई टीम को सक्रिय किया गया। इस निरीक्षण के समय पार्षद प्रतिनिधि संजू झा और सफाई प्रभारी राकेश बल्मीक मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि ढोंगा ग्राउंड पर 9 करोड़ की लागत से एस्ट्रोफ निर्माण कार्य किया जा रहा है। जो कि लगभग पूर्ण हो चुका है।

### फसलों की जांच की करने पहुंचे अधिकारी

**विदिशा।** जिले में गिरदावरी सत्यापन का कार्य युद्ध गति से जारी है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बासौदा एसडीएम विजय राय ने गिरदावरी के तहत सोयाबीन और मक्का की फसलो के खेतो में पहुंचकर सारा एप के माध्यम से वास्तविक गिरदावरी का सत्यापन करते हुए जानकारियां दर्ज की है।

### पुलिस ने 6 जुआरी के साथ नकदी की जब्त

## एसपी मंडलोई के निर्देश पर बीड़ी कॉलोनी में जुआ फड़ किया ध्वस्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश के बाद शहर की कोतवाली पुलिस ने अवैध जुआ गतिविधियों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए बीड़ी कॉलोनी क्षेत्र में संचालित जुआ फड़ पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मौके से छह जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से नगद 6 हजार 90 रुपये और ताश की गड्डी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बीड़ी कॉलोनी में कुछ लोग खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद एसपी मंडलोई नें कोतवाली पुलिस को तत्काल कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दबिश दी और मौके पर जुआ खेलते आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जाफ़िर खानए ताहिर खानए जिब्राईल उर्फ कद्दू खानए इसराइलए इकरार खान और शेख फरीद के रूप में हुई है। सभी आरोपी टीकमगढ़ शहर के ही निवासी बताए गए हैं।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के साथ उप निरीक्षक नोने सिंह परिहारए आरक्षक पंकज यादवए संजय लोधीए अर्जुन तोमर और सुनील एनआरएस की विशेष भूमिका रही।

एसपी मंडलोई ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे किसी भी अवैध धंधे में लिप्त व्यक्तियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### दिदोनिया नाले से बरामद हुआ शव, परिवार में अकेला रह गया बेटा

## 3 माह पूर्व पत्नी की मौत के बाद अब अनाज व्यापारी की संदिग्ध मौत

**पलेरा।** थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब दिदोनिया नाले से एक व्यापारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान आलमपुरा गांव निवासी 42 वर्षीय मनीराम साहू के रूप में की गई। शुक्रवार शाम से लापता मनीराम का शव मिलने के बाद गांव में शोक और आक्रोश दोनों का माहौल बना हुआ है। क्योंकि मनीराम की पत्नी की तीन माह पूर्व ही मृत्यु हुई थी और अब मनीराम की भी मृत्यु हो गई। जिसके बाद अब परिवार में सिर्फ बेटा अकेला रह गया है।

ग्रामीणों नें बताया कि अनाज व्यापारी मनीराम साहू का जीवन सादगी और संघर्ष से भरा था। वे साइकिल से गांव.गांव घूमकर किसानों से अनाज की खरीदी करते थे और उसी से परिवार का पालन.पोषण चलता था। शुक्रवार को भी वे इसी काम से निकले थे लेकिन देर रात तक घर न लौटने पर परिजन और ग्रामीण चिंतित हो गए। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने नाले में मनीराम का शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पलेरा थाना प्रभारी मनोज सोनी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि मृतक मनीराम की पत्नी की करीब तीन महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी। तब से मनीराम मानसिक रूप से काफी टूट गए थे। परिवार में अब केवल उनका एक बेटा ही शेष हैए जिससे पुलिस



द्वारा पूंछतांछ कर जानकारी ली जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार जिस दिदोनिया नाले में शव मिला हैए उसमें तालाब का ओवरफ्लो पानी आता है। नाले के पास कोई पक्का रास्ता नहीं है और लोग पगडंडी से ही आवागमन करते हैं। आशंका जताई जा रही है कि शुक्रवार रात अधिक पानी होने की वजह से मनीराम संतुलन खो बैठे और गहरे पानी में बह गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मनीराम की मौत दुर्घटना से हुई है या इसके पीछे कोई और कारण है। इस हादसे ने पूरे आलमपुरा गांव को स्तब्ध और शोकाकुल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पत्नी की मौत के बाद से ही मनीराम बेहद गुमसुम और परेशान रहने लगे थे। अब उनकी अचानक मौत ने बेटे को भी पूरी तरह अकेला कर दिया है। गांव में हर कोई इस परिवार में एकमात्र बचे हुए बच्चे के भविष्य को लेकर चिंतित है।

### पुलिस दे रही नए आपराधिक कानून की जानकारी

## कानून का संदेश जन जन तक पहुंचाने एसपी मंडलोई का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा जिलेभर में नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकोंए युवाओं और विद्यार्थियों को हाल ही में लागू हुए कानूनों के बारे में अवगत कराना और न्यायिक प्रक्रियाओं में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है।

इस अभियान के अंतर्गत थाना बुडेरा द्वारा नगर क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारीए समाजसेवी और आम नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी कोतवाली व उनकी टीम ने उपस्थित जनसमुदाय को नए कानूनी प्रावधानों की जानकारी सरल और व्यवहारिक ढंग से दी। जिसमें भारतीय नागर प्रक्रिया संहिताए 2023 बीएनएसएसए भारतीय साक्ष्य अधिनियमए 2023 बीएसए सहित अन्य जानकारियां दी गई। नागरिको को बताया गया कि पीड़ित हितों की प्राथमिकता महिला एवं बाल अपराधों में त्वरित कार्यवाही व समयबद्ध न्याय देना है। अब किसी भी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की जा सकेगीए साथ ही निःशुल्क प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। मोबाइलए ई.मेलए वीडियो और चैट को अब कानूनी साक्ष्य का दर्जा दिया जायेगा। प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और समय की बचत की जाएगी। भीड़ हिंसा पर कड़ा प्रावधान करते हुए पहली बार इसे अलग अपराध मानते हुए कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। अपराध से अर्जित संपत्ति की जब्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने.अपने क्षेत्र में इसी प्रकार के जनजागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं की सटीक जानकारी उपलब्ध कराना है।

## पलायन नहीं, नवाचार ही सफलता का मंत्रः स्वप्निल तिवारी



**टीकमगढ़।** भाजपा जिला पदाधिकारी एवं जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सच्ची सफलता का अर्थ केवल महानगरों की ओर पलायन नहींए बल्कि अपनी जन्मभूमि को संवारना और समाज के लिए रोजगार का सृजन करना है। उन्होंने कहा कि आजादी का वास्तविक मतलब केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि कर्तव्य निभाकर समाज के उत्थान में योगदान देना है। बुंदेलखंड की धरती ने अनगिनत गुमनाम नायकों और कलापुजारियों को जन्म दिया हैए लेकिन आज का युवा उनकी विरासत को भूलकर सिर्फ बड़े शहरों की ओर भाग रहा है। स्वप्निल तिवारी ने स्पष्ट किया कि बुंदेलखंड के युवा आज वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा से नाम कमा रहे हैंए परंतु असली पहचान तो उनकी अपनी मातृभूमि से ही है। पलायन को सफलता का मंत्र बनाना गलत हैए अब समय है कि तकनीकए ऑनलाइन कनेक्टिविटी और सरकारी योजनाओं का उपयोग अपने ही क्षेत्र में किया जाए। नए स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के जरिए युवा न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकते हैंए बल्कि अपने क्षेत्र के लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे महानगरों की सुविधाओं और संसाधनों को अपनाएंए परंतु उसका इस्तेमाल अपनी जन्मभूमि बुंदेलखंड में ही करें। आज सरकार की अनेक योजनाएं युवाओं को सब्सिडी और अनुदान के साथ काम करने का अवसर दे रही हैं। अंत में तिवारी ने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति और विरासत को समझना होगा। जब तक मातृभूमि के लिए सोच नहीं होगीए तब तक प्रगति अधूरी है। पलायन नहींए बल्कि नवाचार ही असली सफलता का मंत्र है।

### औद्योगिक विकास के लिए एमएसएमई मंत्री व मेडिकल कॉलेज हेतु डिप्टी सीएम से की मुलाकात

# थम चुके विकास के पहिये को गति देने पूर्व विधायक ने शुरु किए प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विधानसभा चुनाव में जिले में आये परिणामो के बाद से जिला सहित विधानसभा टीकमगढ़ में विकास का पहिया थम चुका है। और जो विकास किये गये उनको कायम रखने में उदासीनता बरती जा रही है। लेकिन इस ओर किसी भी पार्टी के जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान नहीं दिया गया और न ही प्रयास किये गये। इस बीच कुछ हद तक प्रशासनिक अधिकारियो के द्वारा जरूर प्रयास किये गये। लेकिन ठोस विकास कार्यो के लिये जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की कमी जिले को खल रही है। इसी परिस्थिति को देखकर और विकास के थमे हुए पहिये को गति देने के लिये विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश गिरी ने अब प्रयास शुरू कर दिए हैं। जिले में अबरुद्ध हो चुके बिकास कार्यो को शुरू कराने और गति देने के लिये पूर्व विधायक राकेश गिरी नें सरकार के मंत्रियों से मुलाकातों का दौर प्रारंभ कर दिया है।



### औद्योगिक विकास के लिए की एमएसएमई मंत्री से मुलाकात

पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी द्वारा बिगत 21 अगस्त को मध्यप्रदेश शासन एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप से भेंट की गई। जिसमें पूर्व विधायक राकेश गिरी ने उक्त चर्चा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले का समग्र विकास कराने के लिये उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए जिला टीकमगढ़ में गेहूँए दलहन एवं तिलहन की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता तथा उत्पादन को ध्यान में रखते हुए जिले में एक खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर की स्थापना की मांग मंत्री चैतन्य कश्यप के समक्ष रखी गयी। जिससे जिले के कृषक अपनी उपज को स्थानीय स्तर पर बेचकर लाभ अर्जित कर सकेंए साथ ही जिले के युवाओं को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उक्त मांग पर आश्वासन देते हुये मंत्री कश्यप ने कहा कि इस विषय पर जरूर विचार कर कार्य किया जायेगा।

## मेडिकल कॉलेज का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की डिप्टी सीएम से भेंट

पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी द्वारा कुछ दिन पूर्व जिले के कुछ अन्य नेताओं के साथ जाकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से भी भेंट की गई थी। इस दौरान पूर्व विधायक गोस्वामी के साथ महेश साहूए अनिल बड़कुलए ब्रजेन्द्र यादव वीरपुरा सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे। पूर्व विधायक गोस्वामी ने उपमुख्यमंत्री शुक्ल से भेंटवार्ता के दौरान मांग करते हुए कहा कि जिले में मेडिकल कॉलेज के लिये घोषणा और जमीन चयनित हो चुकी है। लेकिन मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अभी भी प्रारंभ नहीं हो पाया है। जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाए जिससे जिले व आसपास के क्षेत्रवासियो को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।



## बार-बार विस्थापन से नाराज आदिवासियों ने हाईवे किया जाम

# पार्वती खतरे के निशान के पार नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने के बाद शनिवार को भी दिन भर बारिश का माहौल बना रहा। चारों ओर हुई बारिश के बीच शहर से होकर गुजरी सीप, कदवाल, अमराल नदियां लबालब होकर बहती रही, वहीं जिले और प्रदेश की सीमा को राजस्थान से विभाजित करने वाली पार्वती नदी अपने खतरे के निशान से ऊपर पहुंच जाने से प्रशासन को नदी किनारे के गांव में अलर्ट घोषित करना पड़ा। कई गांवों में प्रशासन ने ग्रामीणों को ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंचाने का काम किया। उधर कराहल विकासखंड में कूनो नदी के कारण बार-बार विस्थापन का दंश झेल रहे रेशम कॉलोनी में रहने वाले आदिवासियों ने स्थाई समाधान न होने से नाराज होकर हाईवे जाम कर दिया। शुक्रवार को जल मग्न हुए बड़ौदा कस्बे सड़कें शनिवार को भी दिन भर पानी में डूबी रहीं।

शनिवार को रात में हुई झमाझम बारिश से कदवाल नदी एक बार फिर शहर की निचली बस्तियों तक पहुंच गई लेकिन थोड़ी देर बाद ही वापस लौट भी गई। शनिवार को दिन भर बरसी बारिश का असर यह रहा कि सीप, कदवाल और अमराल नदियां लबालब होकर बहती रही उधर पार्वती नदी के उफान पर आ जाने से जहां श्योपुर से बारां का संपर्क दूसरे दिन भी कटा रहा हालांकि खतरे के निशान से ऊपर चलने के बावजूद खतौली पुल से वाहनों का आगमन जारी रहा लेकिन आगे के रास्ते बंद होने के कारण लोग कोटा तक नहीं पहुंच सके। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शुक्रवार की शाम खातौली जलालपुरा पुल के पास पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को अधिक पानी होने पर ऊंचाई वाले स्थान पर जाने की सलाह दी साथ ही उन सभी ग्राम पंचायत को ग्रामीणों को ऊंचाई वाले स्थान तक पहुंचने उन्हें ठहराने और खाने पीने का इंतजाम करने के निर्देश भी दिए जो डूब क्षेत्र वाले गांवों के नज़दीक है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बाढ़ जैसे हालात बनने पर ग्रामीणों को पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन नाश्ता कराने का काम संबंधित क्षेत्र के महिला स्व सहायता समूहों से करवाया जाए।



### पार्वती खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर, गांवों में अलर्ट

शनिवार को पार्वती नदी का पानी खतरे के निशान 198 मीटर से 201 मीटर बहता रहा खतरे के निशान से करीब 2 मीटर अधिक पानी होने से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पार्वती नदी के किनारे बसे गांव सूंडी, जलालपुरा, झोपडी, कीरपुरा, दलारनाकला, मलारना, ईचनाखेड़ली अडवाड, अडूसा आदि गांवों में अलर्ट घोषित कर मुनादी कराई।

### दूसरे दिन भी पानी से भरा रहा बड़ौदा

शुक्रवार को बाढ़ जैसे हालात झेलने वाले बड़ौदा कस्बे में शनिवार को भी कमोवेश वहीं हालात बने रहे। हालांकि थाने के सामने से रोड काट देने के बाद पानी कम जरूर हुआ लेकिन बड़ौदा नगर की ऐसी कोई बस्ती बाकी नहीं रही जहां 1 से 2 फीट पानी भरा हुआ न हो मजबूरी में लोगों को पानी से भरी सड़कों के बीच ही गुजरना पड़ा और दुकानदारों ने भी पानी में ही खोली।



### रेशम कॉलोनी वालों ने किया हाइवे जाम, तहसीलदार ने खुलवाया

कराहल विकासखंड के सेसईपुरा में कूनो पुल के नीचे बसी रेशम कॉलोनी आदिवासियों ने बाढ़ जैसी स्थिति से बार-बार जूझने और बार-बार विस्थापित होने से आजिज आकर शनिवार को श्योपुर शिवपुरी हाईवे पर पत्थर डालकर जाम लगा दिया। जाम खुलवाने पहुंची तहसीलदार रोशनी शेख की ग्रामीणों से जमकर बहस भी हुई आक्रोशित ग्रामीणों को तहसीलदार अपनी सूझबूझ से समझाने में सफल रही तथा उन्हें ऊंचाई वाले क्षेत्र में रहने की समझाइश देते हुए तहसीलदार ने उन्हें बताया की ऊंचाई वाले क्षेत्र में उनके रहने का पर्याप्त इंतजाम किया गया है साथ ही वह उनके स्थाई समाधान के लिए एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराएगी।

### कलेक्टर ने घोषित किया स्कूलों का अवकाश

शनिवार को बारिश की अधिक चेतावनी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों का अवकाश घोषित कर दिया। सुबह जारी हुए इस आदेश के बाद आनन फानन में जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने सभी संकुल प्रिंसिपलों के माध्यम से शाला प्रमुखों को निर्देशित किया कि वह बच्चों को स्कूलों में आने से रोक जितना संभव हो सका शिक्षकों ने बच्चों के अभिभावकों के घरों तक यह सूचना पहुंचाई अलबत्ता शिक्षक स्कूल खोलकर दिनभर बैठे रहे।

## जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने जिले में चलेगा आदि कर्मयोगी अभियान

# श्योपुर के 254 गांवों में बनेंगे सेवा केन्द्र ग्रामीणों को मिलेगा योजनाओं का लाभ




### ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण 27 से

सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण के बाद अब 27 अगस्त से ब्लॉक स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा, जिसमें ग्राम स्तर के वॉलेटियर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में प्रत्येक ब्लॉक से 7-7 विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होने बताया कि जिला स्तर पर आदि कर्मयोगी सेल का गठन भी किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले के जनजातीय बाहुल्य 254 गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को अब शासन की उन सभी योजनाओं का लाभ मिलेगी, जो योजनाएं शासन की ओर से उनके हितो के लिए चला रखी है। इसके लिए शासन की ओर से आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया गया है। इसी अभियान के तहत जिले के 254 गांवों में सेवा केन्द्र बनाए जाएंगे। जहां जरूरतमंदों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाए जाने के लिए वॉलेटियर्स नियुक्त किए जाएंगे।

यह अभियान जिले में किस तरह संचालित किया जाएगा,इसको लेकर पिछले दिनों कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जा चुका है। बताना होगा कि शासन की ओर से जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण के लिए आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह अभियान देश के 30 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 550 से ज्यादा जिलों और 3 हजार ब्लॉको के 1 लाख से ज्यादा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत श्योपुर जिले के तीनों विकासखंडो के 254 गांवों को चयन किया गया है। श्योपुर जिले के चयनित गांवों में कराहल ब्लॉक के 106 और श्योपुर तथा विजयपुर ब्लॉक के 74-74 गांव शामिल है। प्रत्येक गांव में शासन से जुडी योजनाओं की सेवाओं को ओर अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से सेवा केन्द्र बनाये जायेगे। बताया गया है कि इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव में 10 से 15 वॉलेटियर्स को प्रशिक्षित कर नेटवर्क तैयार किया जायेंगा, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आजीविका सहित बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए कार्य करेंगे।


### जिला स्तर पर आदि कर्मयोगी, ब्लॉक स्तर पर आदि सहयोगी तो गांव स्तर पर नियुक्त होंगे आदि साथी

इस अभियान के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर आदि कर्मयोगी, विकासखण्ड स्तर पर आदि सहयोगी तथा ग्राम स्तर पर आदि साथी के नाम से जिला, विकासखण्ड स्तर के अधिकारी रहेंगे। ग्राम लेबल पर आदि साथी के रूप में चिन्हित किये जाने वाले वॉलेटियर्स में सेवारत अथवा सेवा निवृत्त सरकारी अधिकारी, युवा नेता, शिक्षक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, पारम्पारिक ज्ञान के धारक और स्वयंसेवक शामिल होंगे, जो जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। बताया गया है कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 2 लाख से अधिक जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए कार्य किया जाएगा।

# सोंईकलां से आज रवाना होगी श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जन आस्था के केन्द्र ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा 24 अगस्त रविवार को सोंईकलां से रवाना होगी। गाजेबाजे के साथ जाने वाली इस पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, जो पैदल यात्रा करने के बाद बाबा के दरबार में झंडा चढ़ाकर बाबा से जिले की खुशहाली की कामना करेंगे। पदयात्रा समिति ने इस पैदल यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली है।



श्री क्षेत्रपाल बाबा पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के अध्यक्ष छोटूलाल सुमन ने बताया कि इस साल 10 वीं पैदल यात्रा जाएगी, जो 24 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे गांवघेर के हनुमान मंदिर से शुरू होगी, गाजेबाजे के साथ यह पैदल यात्रा गुरूनावदा, कोटरा, शंकरपुर, मेवाडा, बहरावदा, सरोदा और मानपुर होते हुए शाम को जैनी के श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर पहुंचेगी,जहां पैदल यात्री विविधवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढ़ाकर पैदल यात्रा का समापन करेगे और जिले की खुशहाली के लिए बाबा से प्रार्थना करेंगे।

# घर से कोचिंग पढ़ने गई छात्रा लापता

**श्योपुर।** घर से कोचिंग पढ़ने के लिए गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। परिजन ने छात्रा के अपहरण का अंदेशा जाहिर करते हुए कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 11 गांधीनगर निवासी 15 वर्षीय बालिका कक्षा 10 वीं की छात्रा है। शुक्रवार को छात्रा घर से कोचिंग पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन इसके बाद वह लौटकर घर नहीं लौटी है। छात्रा के बडे भाई बादल बैरवा ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मोहल्ले के ही एक युवक पर अपहरण का संदेह जताया है।

# श्योपुर के युवक हातिम का कुवैत क्रिकेट लीग फ्रेंचाइजी में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के युवक हातिम खातोलीवाला का कुवैत क्रिकेट लीग फ्रेंचाइजी में चयन हुआ है। यह चयन लीग से जुड़ी विभिन्न फ्रेंचाइजी द्वारा लगाई गई बोली में हातिम को कुवैत की एक स्थानीय फ्रेंचाइजी ने उनके बेस प्राइज $11000 में खरीदा। हातिम विधायक बाबू जंडेल के प्रतिनिधि सिराज दाउदी के पुत्र हैं। हातिम पिछले 7 साल से कुवैत में रहकर न सिर्फ व्यवसाय कर रहा है बल्कि खाली समय में क्रिकेट की प्रेक्टिस भी करता है, ज्ञात हो कि कुवैत सरकार भी अपने देश में क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईपीएल की तर्ज पर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कराता है।

# मजदूरी के लिए पलायन पर गए परिवार का घर अतिवृष्टि से गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मजदूरी के लिए जयपुर पलायन कर गए एक परिवार का घर अति वृष्टि के चलते गिर गया। इस परिवार के पास सिर्फ छुपाने के लिए यही एक ठिकाना था। हालांकि वे लोग घर में नहीं थे इसलिए गंभीर दुर्घटना होने से बच गई अन्यथा जिस तरह से मकान गिरा है उसे जनहानि भी संभव थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गलमान्या गांव में रहने वाले रामस्वरूप पुत्र शंकरलाल नागर परिवार सहित मजदूरी करने जयपुर गया हुआ है और उसके पीछे से लगातार हो रही बारिश से उसका पुराना पक्का घर टूटकर गिर गया। मकान गिरने की सूचना गांव वालों ने परिवार को तो देते हुए प्रशासन से गिरे हुए मकान का आरबीसी के तहत मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है।



# स्वस्थ्य रहे परिवेश इसलिए बनाएं माटी गणेश:नेहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्वस्थ परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए माटी गणेश की अवधारणा बनाई गई है। सभी लोग ग्रामों में इसका प्रचार प्रसार करें और अधिक से अधिक लोग माटी से बने गणेश जी का पूजन करें। जिससे पर्यावरण संरक्षित किया जा सके। यह बात जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह ने शनिवार को कराहल स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर बीईओ कराहल प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण में पर्यावरण की भूमिका महत्वपूर्ण है पर्यावरण की दृष्टि से हम ऐसे कार्य करें जिससे पर्यावरण स्वस्थ रह सकेगा, इसलिए माटी गणेश के लिए आमजन को प्रेरित किया जायें। विकासखंड समन्वयक नीतू गौतम ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण में समाजसेवी संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोई भी अभियान तभी सफल होता है जब उसमें समाज की भागीदारी हो। प्रस्फुटन समितियों के विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में नवगठित 25 प्रस्फुटन समितियां, प्रेरक, माटी गणेश का प्रशिक्षण देने वाले मुकेश पालीवाल तथा अन्य समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यशाला का संचालन भास्कराचार्य टक्साली और आभार प्रदर्शन परामर्शदाता दिलीप पटेलिया ने किया। कार्यशाला के दौरान नवांकुर संस्थाओं द्वारा संकल्प लिया गया है कि इस अभियान के तहत हम आस्थावान होते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी के गणेश का निर्माण कर लोगों को जागरूक करेंगे कि अधिक से अधिक अपने घरों में और आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मिट्टी से गणेश निर्माण कर उनकी पूजा करें। इस कार्यशाला में मिट्टी से गणेश जी की मूर्ति का निर्माण करने के संबंध प्रशिक्षण प्रदान किया गया।




## नेटवर्क की दिक्कत के कारण बेखबर बनी बरगवां पुलिस को एसपी ने दी खबर

# नदी में बहे दो पशु पालक, एक की बची जान दूसरे की मौत, खोजबीन के बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

झरेर के जंगल में उफान पर चल रही एक बरसाती नदी में दो पशु पालक उस समय बह गए, जब वे उसे पार कर रहे थे, इस दौरान एक पशु पालक को किसी तरह तैर कर बाहर आ गया, लेकिन दूसरा पशुपालक लापता हो गया। हालांकि उसके साथी पशु पालकों ने उसे खूब तलाशा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। यह मामला शुक्रवार का है। लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण इस घटना से बेखबर बनी बरगवां थाना पुलिस शनिवार की सुबह तब जाकर सक्रिय हुई,जब उसे खुद पुलिस कप्तान वीरेन्द्र जैन ने वायलेस सेट के जरिए इस मामले की खबर दी। इसके बाद बरगवां थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह धाकड़ अपनी पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से काफी खोजबीन के बाद नदी में बहे पशु पालक का शव बरामद कर लिया और पीएम के बाद उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बरगवां थाना क्षेत्र स्थित झरेर के जंगल में बनी खिरकाई पर ग्राम सोंठवा निवासी रामप्रसाद सुमन 55 वर्ष पुत्र नैनका सुमन भी अपने मवेशियों के साथ रहता है। उसके साथ आसपास के गांवो के पशुपालक भी अपने मवेशियों के साथ रहते है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे के आसपास रामप्रसाद सुमन और रामलखन मीणा निवासी रन्नौद दूध देने के लिए उफान पर आ रही झरेर की नदी को पैदल पार जाने लगे। पानी का बहाव तेज होने के कारण दोनो ग्रामीण नदी में बह गए। हालांकि बहने के बाद रामलखन मीणा निवासी रन्नौद ने खुद ही संभलते हुए तैर कर नदी से बाहर आ गया, लेकिन रामप्रसाद अच्छा तैराक होने के बाद भी संभल नहीं पाया और पानी के तेज वहाव में बहते हुए पानी में डूब गया।



### नेटवर्क की दिक्कत के कारण पुलिस को सूचना नहीं दे पाए परिजन

शुक्रवार को नदी में बहे रामप्रसाद सुमन को तलाशने के लिए उसके साथी पशुपालक और उसके परिजन ही अपने स्तर से ढूंढते रहे। विशेष बात यह है कि इस क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या इतनी गंभीर हो गई कि परिजन न तो इस मामले की सूचना बरगवां थाना पुलिस को दे पाए और न ही मदद के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुला पाए। शनिवार को किसी तरह इस मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन को मिल गई। तो उन्होने तत्काल बरगवां थाना प्रभारी को मोबाइल के जरिए सूचित करने का प्रयास किया,लेकिन नेटवर्क की समस्या होने के कारण बरगवां थाना प्रभारी का फोन नहीं लग सका,इसके बाद एसपी ने वायरलेस सेट के जरिए बरगवां थाना प्रभारी को इस मामले की सूचना देकर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया। एसपी के निर्देश पर बरगवां थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह धाकड तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर रवाना हो गए।

### रास्ता खराब होने के कारण समय से नहीं पहुंच पाई एसडीआरएफ की टीम

पैदल चलकर घटना स्थल पर पहुंचे बरगवां थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह धाकड ने एसडीआरएफ की टीम को भी मदद के लिए आने के लिए सूचना दी। लेकिन रास्ता खराब हो जाने के कारण एसडीआरएफ की टीम को घटना स्थल पर पहुंचने में देरी के साथ दिक्कत भी आई। ऐसे में पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद लेकर नदी में रेस्क्यू अभियान चलाकर रामप्रसाद सुमन के शव को ढूंढकर बाहर निकाल लिया और फिर कराहल अस्पताल में पीएम कराकर उसे शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### बिखर गया बेटी की शादी धूमधाम से करने का सपना

रामप्रसाद सुमन की मौत से जहां उसकी पत्नी विधवा हो गई। वहीं उसकी इकलौती बेटी के सिर से पिता का साया छिन गया। बताया गया है कि रामप्रसाद के घर में उसकी पत्नी और इकलौती बेटी है] जो कि अब शादी लायक हो गई है। इसलिए रामप्रसाद ने अपनी बेटी की शादी धूमधाम से करने का सपना सजो रखा था, मगर रामप्रसाद की मौत से यह सपना अब बिखर गया। पूरे परिवार में मातम पसर गया है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार स्वास्थ्यकर्मी की मौके पर मौत, बस छोड़ चालक हुआ फरार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र स्थित चंबल नहर रोड पर शनिवार की दोपहर को एक यात्री बस और मोटरसाइकिल की आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार स्वास्थ्यकर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। मानपुर थाना पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और बस को जब्त करते हुए बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

दुर्गापुरी चौकी प्रभारी रामनरेश कंषाना ने बताया कि सड़क हादसे का शिकार हुआ बाइक सवार सत्येन्द्र बैरवा निवासी गांधीनगर प्रेमसर ग्राम सेमल्दा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ था। शनिवार को वह रोज की भांति श्योपुर से अपनी ड्यूटी स्थल सेमल्दा जा रहा था,तभी भसुंदर का टपरा के पास उसकी बाइक को सामने से आ रही जय बजरंग बस कंपनी की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सत्येंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना के बाद मृतक को घटनास्थल से उठाकर जिला अस्पताल लाए, जहां उसका पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया और एक्सीडेंट का केस दर्ज कर बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### घर का इकलौता चिराग था सत्येन्द्र

बताया जा रहा है कि मृतक सत्येंद्र अपने माता पिता का इकलौता बेटा था तथा अभी उसकी शादी भी नहीं हुई, तथा कुछ समय पहले ही उसकी स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगी है। उसकी अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजन और गांव के लोग भी गहरे सदमे में हैं।

### डीपीआई ने शुरू की रिजल्ट सुधारने की कवायद

# हाईस्कूल के गणित व हिंदी के 340 शिक्षकों को विषय की बारीकी बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के 220 हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए विषय शिक्षण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शहर के जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय उमावि क्रमांक 2 में आयोजित किया गया। दिसंबर तक हर माह 3 दिन तक चलने वाले अगस्त माह के इस प्रशिक्षण में पहले दिन गणित व हिंदी विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ जिसमें मास्टर ट्रेनरों द्वारा 10 वीं में पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को विषय पढ़ाने की नई तकनीक और नवीन तरीकों की जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण के शुभारंभ पर डीईओ विवेक श्रीवास्तव,रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य, जिला,सुनील चौरसिया,नोडल अधिकारी भूपेंद्र शर्मा,संजय जैन व सुदर्शन गुप्ता सहित मास्टर ट्रेनर व रमसा के फराज पठान व जावेद कुरैशी सहित हाईस्कूल में पढ़ाने वाले 340 शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।



### दिसंबर तक हर माह चलेगा प्रशिक्षण,कल होगा अंग्रेजी का विज्ञान का प्रशिक्षण

रमसा के एडीपीसी राजाबाबू आर्य का कहना है कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर हाई स्कूल के सभी 6 विषयों का प्रशिक्षण दिसंबर माह तक हर महीने तीन दिन तक आयोजित किया जाएगा। हर माह के प्रशिक्षण की तिथियां डीपीआई भोपाल से निर्धारित कर दी गई है। इस प्रशिक्षण का मकसद विषय शिक्षकों को ऐसी शिक्षण तकनीक प्रदान करना है जिससे कि जिले के परीक्षा परिणामों मैं सुधार आ सके साथ ही शिक्षक नई तकनीक और पढ़ाने के नए तरीके सीख सकें। प्रशिक्षण के पहले दिन गणित व हिंदी विषय का प्रशिक्षण आयोजित हुआ वहीं सोमवार को अंग्रेजी व विज्ञान तथा मंगलवार को संस्कृत व सामाजिक अध्ययन विषय का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में दसवीं कक्षा में पढ़ाने वाले विषय शिक्षक शामिल होंगे।

## योग्यता वृद्धि व प्रतियोगी परीक्षा की अनुमति के लिए भटक रहे शिक्षकों को राहत

**डीईओ ने जारी की 310 शिक्षकों को परीक्षा व प्रतियोगी परीक्षा की अनुमत**

शिवपुरी। जिले के तीन सैकड़ा से अधिक शिक्षक पिछले कई महीनो से सर्विस बुक में योग्यता वृद्धि के लिए परीक्षा अनमति और प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए विभागीय अनुमति को लेकर परेशान थे और काफी समय से जिला शिक्षा अधिकारी दफ्तर के चक्कर लगा रहे थे लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने अब ऐसे 310 प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए परीक्षा अनुमति और प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति जारी कर दी है। अब इस विभागीय अनुमति से जिन शिक्षकों ने पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा के लिए अनुमति मांगी थी उनकी सर्विस बुक में योग्यता वृद्धि हो सकेगी साथ ही प्रतियोगी परीक्षा में प्राथमिक शिक्षकों को विभाग की तरफ से शामिल होने की अनुमति मिल गई है।

### 53 शिक्षकों को मिली योग्यता वृद्धि के लिए अनुमति तो 257 को प्रतियोगी परीक्षा की

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने जिले के तीन सैकड़ा से अधिक शिक्षकों को विभागीय अनुमति देकर राहत प्रदान की है। डीईओ श्रीवास्तव ने शनिवार को जिले के ऐसे 310 प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों के लिए प्रतियोगी परीक्षा व योग्यता वृद्धि की अनुमति जारी की है जिन्होंने विभागीय अनुमति लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से आवेदन किया था।एम व एमएससी परीक्षा की योग्यता वृद्धि के लिए अनुमति मांगने वाले जिन 53 शिक्षकों की परीक्षा अनुमति जारी की गई है उनमें 9 प्राथमिक शिक्षक व 46 माध्यमिक शिक्षक शामिल है वही माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा और पीएससी परीक्षा में शामिल होने के लिए 257 शिक्षकों को प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने की विवाह की अनुमति प्रदान की गई है। बहरहाल लंबे समय से परीक्षा अनुमति का इंतजार कर रहे शिक्षकों को परीक्षा अनुमति जारी होने पर राज्य कर्मचारी संघ, शिक्षक कांग्रेस व कर्मचारी कांग्रेस सहित राज्य शिक्षक संघ ने भी डीईओ का आभार जताया है।

### विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल बनाने की नई तकनीक का दिया ज्ञान

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के एडीपीसी राजा बाबू आर्य ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश पर शनिवार को जिले के हाई स्कूलों में पढ़ाने वाले गणित व हिंदी विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। गणित विषय के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एलडी शर्मा,शिशुपाल महते,अवधेश धाकड़ व दीप ओझा द्वारा 170 शिक्षकों को नई-नई तकनीक सिखाई गई वहीं हिंदी विषय में मास्टर ट्रेनर अल्पना सिंह अशोक शर्मा,अवधेश श्रीवास्तव व दिनेश प्रजापति द्वारा हिंदी के 170 शिक्षकों को विषय पढ़ाने के खास टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण में बताया गया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल बनाने के लिए अलग-अलग तकनीक और नए तरीकों का किस तरह इस्तेमाल करें जिससे कि बच्चे जटिल अवधारणाओं को भी आसानी से समझ सकें।

# 220 हाई व हायरसेकंडरी स्कूलों के हिंदी व गणित के शिक्षकों का प्रशिक्षण आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

अपर संचालक लोक शिक्षण भोपाल के निर्देश पर जिले के हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पढ़ाने वाले विषय शिक्षकों का प्रशिक्षण शनिवार से शुरू होगा। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के निर्देशन में यह प्रशिक्षण रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य द्वारा शहर के जिला उत्कृष्ट विद्यालय व शासकीय उमा वि क्रमांक 2 में आयोजित किया जाएगा।रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य ने बताया कि 5 माह तक हर माह चलने वाले विषय शिक्षकों के प्रशिक्षण के पहले दिन दसवीं में पढ़ाने वाले शनिवार को हिंदी व गणित विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा वही सोमवार को अंग्रेजी व विज्ञान विषय के शिक्षक प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे जबकि मंगलवार को हाई स्कूलों में सामाजिक विज्ञान व संस्कृत पढ़ाने वाले शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल होंगे। प्रशिक्षण में जिले के 220 हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के वह शिक्षक शामिल होंगे जो कि कक्षा 10 में अध्यापन कार्य कराते हो। खास बात यह है कि उक्त विषय शिक्षकों को विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनरों द्वारा विषयों की बारीकियां और जटिल से सरल विषय वस्तु की अवधारणा को समझाया जाएगा।

### विराट हिंदू सम्मेलन व अभ्यास वर्ग का आयोजन आज

**बीना।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में आज कादंबरी वाटिका में विराट हिंदू सम्मेलन एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जाएगा। अभ्यास वर्ग में जिला में निवासरत विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता, सभी आयामों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, संपूर्ण मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहने शामिल होगी। वहीं अभ्यास वर्ग के बाद शाम 5 बजे से विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस एवं विराट हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्री राधा मोहन दास महाराज बड़ा मंदिर, मुख्य वक्ता जितेंद्र वर्मा विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया करेंगे। विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री शिवम पाठक ने समस्त हिंदू समाज से विराट हिंदू सम्मेलन में शामिल होने का अपील की है।

## आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई, अवैध मदिरा जब्त



**शिवपुरी।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी एवं संदीप शर्मा उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, ग्वालियर द्वारा सतत कार्रवाई हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध शुभम दांगोड़े , जिला आबकारी अधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में शुक्रवार को शिवपुरी क्षेत्रातर्गत राहुल गुप्ता आबकारी प्रभारी द्वारा ग्राम कांकर सतनवाड़ा में दबिश दी गई। जहां कुल 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 2000 किलोग्राम लहान (मौके पर नष्ट), प्लास्टिक और लोहे के ड्रम जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 49-क के तहत छापामार कार्रवाहियों में कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त मदिरा एवं सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख है। आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा मदिरा की अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### सिविल न्यायालय व वन विभाग ने जुगपुरा में किया वृहद पौधरोपण

# एक वृक्ष हमारे लिए 10 पुत्रों के समान होता है: न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को सिविल न्यायालय एवं वन विभाग के सहयोग से वन ग्राम जुगपुरा में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत करीब 250 एकड़ जमीन पर विभिन्न प्रजाति के फलदार, छायादार एवं ऑक्सीजन देने वाले पौधों का रोपण किया जाना है। पौधरोपण कार्यक्रम में अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति संजय कुमार जैन के निर्देशन में न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष रविन्द्र जैन, राहुल माथुर, राजकुमार पुरोहित, रतिराम पटेल एवं अन्य अधिवक्तागण तथा न्यायालय के कर्मचारियों एवं पीएलव्ही हिमांशु अहिरवार ने बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण किया गया।



#### न्यूनतम रोपे जाएंगे 2 हजार पौधे

पौधरोपण पर्यावरण के बदलते स्वरूप, बड़ी मात्रा में प्राकृतिक आपदाएं, बढ़ते प्रदूषण, बढ़ती गर्मी एवं गिरते हुए जलस्तर को देखते हुए किया जा रहा है। पौधारोपण मध्यप्रदेश की जलवायु के अनुकूल जैसे पीपल, नीम, वट वृक्ष, इमली, बेल, कबीट, आंवला और आम आदि के पौधे ग्राम जुगपुरा में रोपित किए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति बीना के माध्यम से न्यूनतम 2 हजार पौधे एवं यथा संभव अधिकतम पौधे रौपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पौधारोपण के बाद तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति संजय कुमार जैन ने वृक्षों से होने वाले लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि वृक्ष न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं बल्कि हमारे संपूर्ण जीवन को सृजित करते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि एक वृक्ष हमारे लिए 10 पुत्रों के समान होता है। हमारे जीवन की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति वृक्षों से ही होती है। यदि आज वृक्षों को रोपित नहीं किया गया तो कल प्रकृति की प्रलय से हमें कोई नहीं बचा सकता है। समय रहते हम सभी को मिलकर ज्यादा से ज्यादा पौधों को रोपित करना है एवं उनको समय-समय पर देखरेख कर बड़ा भी करना है।

सरपंच व सचिव ने कागजों में लगा दिए 10 लाख के पौधे

# ग्राम पंचायत सेसईसड़क में पौधरोपण के कार्य में हुआ 10 लाख का घोटाला उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

घपलों और घोटालों के लिए संपूर्ण मध्यप्रदेश में ख्याति प्राप्त जनपद पंचायत कोलारस की ग्राम पंचायतें व्रक्षारोपण में किए गए फर्जीवाडे को लेकर खासा सुर्खियों में हैं। आगे आने वाली पीढी के स्वस्थ्य भविष्य के लिए शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में हजारों व्रक्ष लगाने के लिए लाखों की राशि मुहैया कराई जा रही है। किंतु ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव व सहायक सचिव जनपद के अफसरों के साथ मिलकर इस हरियाली के पैसों को भी डकारने से बाज नहीं आ रहे हैं। अभी तक तो सिर्फ जंगल क्षेत्र और एकांत स्थलों पर स्थापित ग्राम पंचायतों में अधिकारियों के निरीक्षण की उदासीनता के चलते विकास और व्रक्षारोपण जैसे कार्यों में धांधली जारी थी। किंतु फोरलेन हाइवे किनारे स्थापित ग्राम पंचायतों के अमले में भी अब अफसरों का भय खत्म हो गया है। ऐसा ही एक भ्रष्टाचार का बडा मामला ग्राम पंचायत सेसईसडक से निकलकर प्रकाश में आया है। यहां पदस्थ सरंपच, सचिव व सहायक सचिव 10 लाख के पेड़-पौधा घोटाले को अंजाम दिया है। जी हां यह एक कटू सत्य है। सेसईसडक पंचायत में 4 स्थानों पर 10 लाख रूपये की लागत से व्रक्षारोपण कार्य स्वीक्रत किया गया था। जिसमें शांतिधाम सेसईसडक, कल्ला आदिवासी, गंगाराम आदिवासी, क्रपाल आदिवासी के नाम शामिल हैं। लेकिन ग्राम वासियों को उक्त व्रक्षारोपण का लाभ प्राप्त नहीं हो सका। यहां 10 लाख रूपये के व्रक्ष महज कागजों तक ही सीमित रहे, धरातल की स्थिति विकास के वादों से बिल्कुल जुदा है। ग्राम पंचायत सेसईसडक के वाशिंदे अभी भी फोरलेन हाइवे से निकलने वाले लाखों वाहनों का प्रदूषित धुंआ खाने को विवश हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सेसईसडक के वातावरण को स्वच्छ और साफ बनाने हेतु व्रक्षारोपण के नाम पर 10 लाख की बडी राशि प्रदान की गई थी। किंतु जनपद के अफसरों के फर्जी निरीक्षण, मूल्यांकन और सत्यापन सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहे। जिसके चलते व्रक्षों की हरियाली भी कागजों में ही देखने को मिली। भौतिक स्थिति का जब जायजा लिया तो ग्राम वासियों ने खाली मैदान बताकर व्रक्षारोपण कार्य के नाम 10 लाख का घोटाला उजागर कर जनपद के अफसरों व भ्रष्ट सरपंच, सचिव और सहायक सचिव को आईना दिखा दिया। उक्त बडी वित्तीय अनिमित्ता और फर्जी मूल्यांकन व सत्यापन आर्थिक अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे आर्थिक अपराध संगठित रूप से किए जा रहे हैं, जिसमें वह अमला भी शामिल है जिसके उपर शासकीय राशि का सदुपयोग कराने की जबावदेही है। लेकिन ग्राम पंचायत सेसईसडक में बागड ही खेत को चरने का कार्य कर रही है। ग्राम वासियों के मुताबिक उनके द्वारा कई मर्तबा जनपद पंचायत कोलारस के अफसरों को शिकायतें दर्ज कराकर ग्राम पंचायत सेसईसडक में हुए सभी विकास कार्यों की जांच की मांग की जा रही है। शिकायत कर्ताओं का कहना है कि यदि ग्राम पंचायत सेसईसडक के विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच हो जाए तो व्रक्षारोपण जैसे कई घपले और घोटाले निकलकर सामने आएगें। यहां पदस्थ सरपंच, सचिव व सहायक सचिव द्वारा निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार को अंजाम देकर स्वयं का विकास किया गया है, न कि ग्राम पंचायत का। तुर्रा यह भी है कि विकास के नाम पर ग्राम पंचायत सेसईसडक द्वारा जनपद पंचायत में आयोजित बैठकों में कागजों में तो भरपूर विकास दर्शाया गया है। किंतु जमीनी स्तर पर उक्त विकास पूरी तरह से गायब है। विकास कार्य के लिए आने वाली राशि से सरपंच, सचिव व सहायक सचिव अपनी-अपनी तिजोरियां भरने में लगे हुए हैं। आम ग्रामीण अभी भी बदहाली का जीवन जी रहे हैं।

**इनका कहना है**

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। पौधरोपण के कार्य मेरे समय के नहीं है। मैंने हाल ही में यहां का पदभार संभाला है। ग्राम पंचायत सेसईसडक में हुए निर्माण कार्यों की जांच कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराता हूं।

**हेमंत पुरी,** उपयंत्री जप कोलारस

# गोमती नंदन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने ज़िला स्तरीय एसजीएफआई वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। 14 वर्ष बालिका एवं बालक आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। गौरतलब है कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता 18 अगस्त को आयोजित हुई थी। जिसमें 14 वर्ष आयु वर्ग के छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कुशल खेल तकनीक और टीम वर्क का बेहतरीन प्रदर्शन किया और संभाग टीम में जगह बनाई। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 24 अगस्त से 26 अगस्त तक खुरई में खेली जाएगी। चयन हुई छात्राओं इतिशा अवस्थी, आध्या तोमर,रोशनी,काव्या सिंह एवं बालक वर्ग से अनिरुद्ध नापित शामिल है। विद्यालय चेयरमैन विकास अग्रवाल, प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल और एकेडमिक डायरेक्टर संतोष रजक ने छात्राओं और कोचों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### विधायक निर्मला सप्रे व ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्तदान कर दिया संदेश

# ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर 86 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र पर शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 86 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसमें युवाओं से लेकर बुजुर्गों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। विधायक निर्मला सप्रे ने सहपरिवार 20 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। ब्रह्माकुमारी बहनों सहित भाजपा और कांग्रेस के नेता इस महाअभियान का हिस्सा बने। शिविर में 66 पुरुषों और 20 महिलाओं ने रक्तदान किया। गौरतलब है कि पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त 2025) विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ के समाजसेवा प्रभाग द्वारा यह महाअभियान चलाया जा रहा है। 25 अगस्त तक देशभर में डेढ़ लाख यूनिट रक्तदान का संकल्प लिया गया है।






शुभारंभ पर बड़ा मंदिर महामंडलेश्वर महंत राधामोहन दास महाराज ने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से यह संसार एक विशाल कर्मक्षेत्र है। हम जो भी कर्म करते हैं उसका फल हमें लौटकर मिलता है। यदि हम किसी के जीवन को बचाने का पुण्य कर्म करते हैं, तो निश्चित ही वह पुण्य किसी न किसी रूप में हमारे जीवन को भी सुरक्षित करेगा। विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर में आज सहपरिवार रक्तदान करके बहुत खुशी हो रही है। नारी शक्ति से आह्वान है कि मिथक तोड़े और रक्तदान जरूर करें। आपका रक्तदान किसी के लिए जीवनदान बन सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष लता सकरवार ने कहा कि शिविर में नपा ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए सहयोग किया है। ऐसे आयोजनों से लोगों में जन कल्याण की भावना का विकास होता है। नपा जनकल्याण के कार्यों में कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। इस मौके पर भाजपा नेता शशि कैथोरिया एवं ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान रक्तदाता के रूप में स्टेशन मास्टर शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, ग्रामीण अध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, नवीन साहू, समाजसेवी मनीष सिंघई, इरफान भाई, रिफाइनरी सेफ्टी मैनेजर रंजन कुमार पांडे, गोल्डी अरोरा, सतीश पटेल आदि मौजूद थे।